**बिहार सरकार**
**उद्योग विभाग**

पत्रांक 4419 पटना, दिनांक 19-09-2025
5/स0 (मुख्य सचिव कोषांग) सेवापर्व– 01/2025

प्रेषक,

मिहिर कुमार सिंह, भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड,
महेश भवन, गाँधी मैदान (पूर्वी), पटना।

**विषयः–** **स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक– 17.09.2025 से 02.10.2025 तक बिहार राज्य में मनाये जाने वाले सेवा पर्व के दौरान सभी जिलों में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, संबंधित जिला उद्योग केन्द्र तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से स्वदेशी अपनाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए प्रत्येक जिला में प्रमुख स्थान पर तीन पंडाल लगाया जाना है जिसमे प्रत्येक पंडाल की लागत राशि रू0 1.00 लाख (एक लाख) है तथा उस पंडाल में खादी वस्त्रों एवं स्वदेशी उत्पाद पर 50 प्रतिशत की छूट के साथ बिक्री किया जाना है साथ ही दशहरा में पूजा समिति द्वारा बनाये जा रहे पूजा पंडाल को भारत एवं बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किये जाने हेतु प्रत्येक जिला में तीन पुरस्कार प्रथम–25000/– , द्वितीय–15000/– एवं तृतीय– 5000/– से पुरस्कृत किये जायेंगे।

राज्य के 38 जिलों में प्रत्येक जिला हेतु राशि इस प्रकार आंवटित किये जायेगे –

(i) तीन पंडाल के निर्माण हेतु राशि – 3 X 1.00 लाख = 3.00 लाख।

(ii) पुरस्कार वितरण हेतु राशि – 25 हजार +15 हजार +5 हजार = 45 हजार

इस प्रकार प्रत्येक जिला को आवंटित राशि – **3 लाख 45 हजार।**

आवंटन हेतु कुल राशि 38 X 3 लाख 45 हजार = 1 करोड़ 38 लाख 10 दस हजार।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त राशि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा मुख्यमंत्री खादी ग्रामोद्योग योजना के मेला एवं प्रर्दशनी मद से बिहार के सभी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

विश्वासभाजन

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक– 4419 दिनांक– 19-09-2025

प्रतिलिपि :– सभी जिला पदाधिकारी/उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, शेखपुरा, पटना/सभी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, बिहार/आई0टी0, मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

2082 Sec-5